एडेड स्कूलों में भी वोकेशनल कोर्स

एजुकेशन डिपार्टमेंट ने जारी किया नोटिफिकेशन, हर स्कूल में दो वोकेशनल कोर्सेज

■ प्रमुख संवाददाता, गुड़गांव

गवर्नमेंट स्कूलों के बाद अब गवर्नमेंट एडेड और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में भी वोकेशनल कोर्स शुरू किए जाएंगे। इसका मकसद अधिक से अधिक बच्चों को रोजगार देना है। सेंटर की एनवीईक्यूएफ फिलहाल हरियाणा में ही शुरू हुई है। हाल ही में इसके तहत आने वाले वोकेशनल कोर्स को एडमिशन के लिए यूजीसी ने सामान्य कोर्स के बराबर का दर्जा भी दिया है। फिलहाल हरियाणा के 240 स्कूलों में 7 वोकेशनल कोर्स चल रहे हैं। हर स्कूल में दो वोकेशनल कोर्सेज करवाए जा रहे हैं। हरियाणा स्कूल शिक्षा की प्रिंसिपल सेक्रेटरी सुरीना राजन का कहना है कि जिला शिक्षा अधिकारियों समेत हरियाणा बोर्ड को इसकी पूरी जानकारी दे दी गई है।

यूजीसी ने वोकेशनल कोर्स को एडमिशन के लिए सामान्य कोर्स के बराबर का दर्जा दिया

इसमें 7 कोर्स किए जाएंगे शामिल

इन 7 कोर्सेज में रीटेल के अलावा, ऑटोमोबाइल, सिक्युरिटी, आईटी, ब्यूटी एंड विलनेस, पैशंट केयर असिस्टेंट, फिजिकल एजुकेशन शामिल हैं। जल्द ही इसके तहत स्पोर्ट्स का कोर्स भी शामिल किया जा सकता है। लेकिन अब एडेड स्कूलों और मान्यता प्राप्त निजी स्कूलों में भी यह वोकेशनल कोर्स करवाए जाएंगे। इसमें नैशनल या स्टेट बोर्ड स्कूल जिससे भी जुड़े होंगे वे स्कूलों को 6500 रुपये की ग्रांट देंगे। हालांकि यह ग्रांट स्कूलों को तभी मिलेगी जब बच्चों के दो लेवल कोर्स सफलता पूर्वक संपन्न हो जाएंगे।

आरक्षित होंगी सीटें

इसमें 25 पर्सेंट सीटें इकोनॉमिकल वीकर सेक्शन, रिजर्व कैटिगरी और बीपीएल के लिए आरक्षित रहेंगी। इन 25 पर्सेंट सीटों में 50 पर्सेंट सीटें लड़कियों के लिए होंगी। सबसे पहले इसके तहत ऐसे एरिया कवर किए जाएंगे, जो एजुकेशन के मामले में पीछे हैं या जहां ड्रॉप आउट की संख्या अधिक है। यह सभी वोकेशनल कोर्स गवर्नमेंट स्कूलों में जबर्दस्त हिट हो रहे हैं। इनकी सफलता को देखने के बाद ही इस स्कीम को अब एडेड और प्राइवेट स्कूलों में भी शुरू किया जा रहा है।